Regarding construction and development of roads in Odisha? Laid

श्री रुद्र नारायण पाणी **(धेन्कानल) :** अटल जी की सरकार के समय ओड़िशा में राष्ट्रीय राजमार्ग को दोगुना कर दिया गया था । पहले 1600 किलोमीटर था एक ही प्रयास में 3200 किलोमीटर कर दिया गया था । मोदी सरकार 2014 में आने के बाद फिर से राज्य में सड़क क्षेत्र में क्रांति लाई गयी है और अधिक ध्यान दिए जाने हेतु मैं प्रार्थना करता हूँ । अंगुल जिले के बड़केरा (BADAKERA) से भुवनेश्वर वाया आठगढ़ के मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए जाने हेतु 2015 में घोषणा की गयी थी, उसे अमल में लाने हेतु मैं प्रार्थना करता हूँ । बड़केरा से आठगड़ तक जाने के उपरांत बांये जाने से कटक आता है । उसी को पुराना ?कटक-संबलपुर? मार्ग कहा जाता है । उसके विकास के लिए भी मैं निवेदन करता हूँ । राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 55 अर्थात मुख्यतया ?कटक-संबलपुर? महामार्ग का फोर लेनिंग का काम और युद्धस्तर में समाप्त किया जाए । तालचर से अंगुल होते हुए हिंदोल एनएसी दे के नरसिंग पुर होते हुए बंदर नगरी (Port City) गोपालपुर तक एक राजमार्ग पुरानी परिकल्पना है उसमें कई राजमार्गों का हिस्सा आएगा । सबको संकलित करके कोल सिटी तालचर से पोर्ट सिटी गोपालपुर तक एक महामार्ग बनाए जाने हेतु मैं पुनः प्रार्थना करता हूँ । राष्ट्रीय राजमार्ग 55 के एक स्थान मशाणिआ (MASANIA) से क्योंझर जिले के नरणपुर (NARANPUR) तक एक राजमार्ग बनाए जाने का एक पुराना संकल्प है, उसे आगे बढ़ाए जाने हेतु भी मैं निवेदन करता हूँ ।